**अपराध** | विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र के घुघरी-कांटी गांव के पास जंगल में मृत मिले वन्य जीव, तीन आरोपी गिरफ्तार

# वन्यजीवों का हुआ पोस्टमार्टम, रिपोर्ट का इंतजार





**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र में 15 वन्यजीवों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया है। घुघरी-कांटी गांव के पास जंगल में गुरुवार सुबह वन विभाग की गश्ती टीम को 13 चीतल और 2 सांभर मृत अवस्था में मिले। सभी मृत वन्यजीव तालाब के आसपास लगभग 100 मीटर के दायरे में पाए गए। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृत वन्यजीवों के मुंह से झाग निकल रहा था, साथ ही तालाब के पानी की स्थिति भी संदिग्ध प्रतीत हो रही, जिससे आशंका जताई जा रही है कि तालाब के पानी में जहरीला पदार्थ मिलाया गया होगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड की सहायता ली गई। जांच के दौरान डॉग स्क्वॉड घुघरी गांव स्थित एक संदिग्ध के घर तक पहुंचा। वहां तलाशी लेने पर ताजा खून के निशान, वन्यजीवों के बाल, मांस के अवशेष, शिकार में प्रयुक्त फंदे सहित अन्य उपकरण बरामद किए गए। वन विभाग ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर गडौरी गांव से दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। डीएफओ गर्वित गंगवार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। मृत वन्यजीवों के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

वन विभाग ने क्षेत्र में अतिरिक्त गार्ड तैनात कर दिए हैं, शेष वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। घटना ने वन्यजीव संरक्षण और जंगलों में अवैध शिकार की रोकथाम को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वन मंडल के एसडीओ से सूचना प्राप्त होने पर सिविल सर्जन डॉ सुमंत वर्मा के निर्देशन में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम का गठन कर तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

उप संचालक पशुपालन और डेयरी विकास डॉ नीता मनोचा ने बताया कि चिकित्सकीय दल ने मौके पर पहुंचकर सभी मृत वन्यजीवों का विधिवत पोस्टमार्टम (पीएम) किया। साथ ही मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए आवश्यक नमूने एकत्रित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं।

मामले की लगातार निगरानी की जा रही है और वन्यजीव संरक्षण को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। घटना के संबंध में वन विभाग और पशु पालन विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से जांच कर रहे हैं। इस घटना से वन विभाग में हड़कंप मच गया है।



## भरत तिवारी हत्याकांड : ब्राम्हण समाज आक्रोशित

**राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग**

**नवभारत, कटनी।** बिहार में पुलिस द्वारा निहत्थे युवक भरत तिवारी की कथित गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले ने देशभर में आक्रोश पैदा कर दिया है। इस जघन्य घटना के विरोध में ब्राह्मण समाज की जिला इकाई ने भारत की राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित कर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। समाज के पदाधिकारियों ने अपने ज्ञापन में कहा कि भरत तिवारी की हत्या न केवल अमानवीय और निंदनीय है, बल्कि यह कानून व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। संगठन का आरोप है कि पुलिस द्वारा शक्ति का दुरुपयोग करते हुए एक निर्दोष एवं निहत्थे व्यक्ति की जान ली गई, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि घटना की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही मामले में शामिल सभी दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही महासभा ने दोषियों को फांसी जैसी कठोर सजा देने की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस घटना के बाद से पूरे ब्राम्हण समाज में आक्रोश की स्थिति है। वहीं सामाज के लोगों का कहना है कि जिस युवक को एनकाउंटर कर हत्या की गई है, उसके खिलाफ एक भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं था, साथ ही उसके पुलिस के सामने सरेंडर भी कर दिया था, बावजूद इसके पुलिस कर्मियों ने उसे गोली मार दी।

### एक नजर में



### सृजन चौदहा बने एबीवीपी के नगर सह मंत्री

**नवभारत, कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में नवघोषित नगर कार्यकारिणी में सृजन चौदहा को दोबारा नगर सह मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। उनकी पुनर्नियुक्ति पर परिषद कार्यकर्ताओं और छात्र समुदाय ने हर्ष व्यक्त किया है। परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि अभाविप देश के युवाओं की आवाज़ बनकर शिक्षा, छात्र हित एवं राष्ट्र निर्माण के विभिन्न विषयों पर सक्रिय भूमिका निभा रही है। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में परिषद निरंतर छात्र शक्ति को संगठित कर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दे रही है। दायित्व मिलने पर सृजन चौदहा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे छात्र हितों की रक्षा और संगठन विस्तार के लिए पूर्ण निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे।

## 37 दिव्यांगों को चिन्हित कर किया गया पंजीयन

**एलिम्को देगा 25 दिव्यांगों को उपकरण**




**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** दिव्यांगों को उपकरण एवं सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में आयोजित चिन्हांकन शिविर में 37 दिव्यांगों ने पंजीयन कराया।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने बताया कि अस्थि दिव्यांग 28, नेत्र दिव्यांग 3, मानसिक दिव्यांग 4 और श्रवण बाधित 2 दिव्यांगों कुल 37 दिव्यांगों का परीक्षण के लिए पंजीयन किया गया। एलिम्को कंपनी द्वारा परीक्षण उपरांत 25 दिव्यांगों को उपकरण प्रदान करने के लिए चयनित किया गया, दिव्यांगों को उपकरण एवं सहायक उपकरण मिलने से सहारा प्राप्त होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि आयोजित शिविर में दिव्यांगों का पंजीयन और एलिम्को द्वारा चिन्हांकन कार्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों-कर्मचारियों की सहभागिता से सम्पन्न हुआ।

## साइड नहीं देने पर युवक को मारी चाकू, दो बदमाश गिरफ्तार, एक फरार

**कटनी-जबलपुर हाइवे में लखापतेरी के पास हुई वारदात**



**नवभारत, कटनी।** माधवनगर थाने की निवार पुलिस चौकी अंतर्गत कटनी-जबलपुर हाइवे में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया गुलवारा गांव निवासी 30 वर्षीय शैलेश कुमार पिता श्याम वीर यादव के वाहन के आगे अपनी कार लगाकर अज्ञात आरोपियों द्वारा चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। वारदात की सूचना पर पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने पेट्रोल पंप और वायपास मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज और तकनीकी साक्ष्य से हमलावरो की वाहनों के नम्बर और पहचान का सुराग लगाया। जिसके बाद पुलिस ने जबलपुर जिले के बेलखाड़ू निवासी शनि पिता सुरेश चौधरी, आर्यन पिता राजकुमार सेन को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों युवकों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि जबलपुर से कटनी आते समय लखापतेरी बायपास जिओ पेट्रोल पंप के पास साईड नहीं देने पर आपसी विवाद हो गया था, जिसके बाद शनि चौधरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया। इस मामले में संदीप बर्मन नाम आरोपी फरार है। पुलिस ने चाकू और कार को जब्त कर लिया है। कार्रवाई में माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, निवार चौकी प्रभारी अंजनी मिश्रा, एएसआई राजेश कोरी, कमलेश्वर शुक्ला, प्रधान आरक्षक मनीष कुमार, देवेश कुमार, अंकित दुबे, गौरव सेन, आरक्षक अरविन्द कुशवाहा, वकील यादव, आदर्श सिंह बघेल, नवीन शुक्ला की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी के निर्देशन, एएसपी और सीएसपी के मार्गदर्शन में की गई है।

## आधा दर्जन गांव में आबकारी की दबिश, अवैध शराब जब्त, मामला दर्ज

**जन शिकायत पर की कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और विक्रय के खिलाफ कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राप्त जन शिकायतों के आधार पर वृत्त बड़वारा और ढीमरखेड़ा क्षेत्र में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। आबकारी दल ने वृत बड़वारा अंतर्गत ग्राम रोहनिया में कार्रवाई करते हुए अनिल गुप्ता पिता गणेश कुमार गुप्ता के कब्जे से 15 पाव प्लेन देशी मदिरा और शांति बाई पति मनोज कचेर के कब्जे से 10 पाव प्लेन देशी मदिरा बरामद की। ढीमरखेड़ा के विलायतकला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुडसा में कमलेश पिता तेजीलाल कुशवाहा के कब्जे से 20 पाव प्लेन मदिरा, ग्राम लोहरवारा निवासी रमेश पाल पिता रामकृपाल पाल के कब्जे से 7 पाव मसाला और 8 पाव प्लेन मदिरा, ग्राम पथवारी निवासी फूलचंद यादव पिता धनीराम यादव के कब्जे से 15 पाव प्लेन मदिरा जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 75 पाव अवैध देशी मदिरा जब्त कर संबंधित आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई में वृत्त प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रवीण रतन वरकड़े, आबकारी आरक्षक अनुराग शर्मा की भूमिका रही।

अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन और विक्रय के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों ने कहा कि अवैध शराब संबंधी किसी भी गतिविधि की सूचना दें, ताकि कार्रवाई की जा सके।

## भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय था आपातकाल

**संविधान की हत्या दिवस के रूप में मनाई गई आपातकाल की बरसी**



**नवभारत, कटनी।** देश में लगाए गए आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता द्वारा जिला कार्यालय में संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आपातकाल का विरोध करने के कारण जेल जाने वाले लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों को लोकतंत्र की रक्षा में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों का अंगवस्त्र, पुष्पमाला, सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र सेनानी संतोष असाटी, संत कुमार असाटी, रामसुजान सोनी, जयप्रकाश निगम, काशीराम राय, विजय टीपा, गया प्रसाद चौरसिया, रमेशचंद्र जैन सहित अन्य लोकतंत्र सैनानी और लोकतंत्र प्रहरी सहित महापौर श्रीमति प्रीति सूरी, मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम निषाद, रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री वागीश आनंद ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक और जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसा बंदियों और उनके परिवारों का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था, जिसमें नागरिक अधिकारों का हनन किया गया, लेकिन लोकतंत्र सेनानियों ने तमाम यातनाएं सहकर भी अपने सिद्धांतों और कर्तव्यों से समझौता नहीं किया। पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन ने अपने पूज्य पिताश्री स्वर्गीय निर्मल चंद जैन के आपातकाल के दौरान के संघर्ष और उन्हें झेलनी पड़ी यातनाओं के संस्मरण साझा किया।

## आयुष्मान योजना से एमजीएम में ब्रेन ट्यूमर का नि :शुल्क ऑपरेशन

**आयुष्मान योजना से पीड़ित को मिला सहारा**



**नवभारत, कटनी।** जिले के एम.जी.एम. हॉस्पिटल में ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित एक महिला का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन प्रदान किया गया। पन्ना जिले के सिमरिया तहसील के बड़खेरा गांव निवासी मरीज ममता गुप्ता पति जगदीश प्रसाद गुप्ता (55 वर्ष) को घर पर कार्य करते समय अचानक सिर में तेज दर्द हुआ और चक्कर आने से वह गिर गईं। अगले दिन परिजन उन्हें उपचार के लिए एम.जी.एम. हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां न्यूरो और स्पाइन सर्जन डॉ. सुशांत शिवाजी पाटिल ने उनका परीक्षण किया। चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार मरीज की सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांच कराई गई, जिसमें ब्रेन ट्यूमर की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि मरीज का शीघ्र ऑपरेशन करना आवश्यक है।

परिजनों की सहमति के बाद आयुष्मान कार्ड की पात्रता जांची गई और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मरीज का सफल ऑपरेशन और उपचार किया गया। डॉ सुशांत शिवाजी पाटिल और उनकी टीम द्वारा किए गए सफल ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हुआ और वर्तमान में वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। मरीज के परिजनों ने एमजीएम हॉस्पिटल की चिकित्सा सेवाओं और आयुष्मान योजना के तहत प्राप्त नि:शुल्क उपचार पर संतोष व्यक्त करते हुए चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन का आभार जताया।

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि आयुष्मान योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे गंभीर बीमारियों का उपचार भी बिना आर्थिक बोझ के संभव हो रहा है।

### जिले में 28 जून से चलेगा पल्स पोलियो अभियान

**नवभारत, कटनी।** जिले को पोलियो मुक्त बनाने के संकल्प के साथ 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का व्यापक आयोजन किया जाए। अभियान के दौरान जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी 1 लाख 73 हजार 737 बच्चों को पोलियो की दवा की दो बूंद पिलाई जायेगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे रविवार 28 जून को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं। अभियान में सहयोग करें।

**समीक्षा** | नगर निगम आयुक्त ने की राजस्व वसूली कार्य की समीक्षा, वसूली में तेजी लाने के दिए निर्देश

## राजस्व वसूली में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित, लापरवाह कर्मचारियों को हिदायत



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने राजस्व विभाग की वसूली कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए राजस्व अमले को वसूली में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम की आय में वृद्धि होने से नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी, इसलिए प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को राजस्व संग्रहण की जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी होगी। बैठक में राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में वार्डवार राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान अपेक्षाकृत कम वसूली पाए जाने पर टैक्स कलेक्टर सतीश तिवारी, संतोष बिरहा और अजय निगम को वसूली कार्य में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी गई। निगमायुक्त ने सभी राजस्व कर्मियों को दैनिक और मासिक वसूली लक्ष्य निर्धारित कर उसी के अनुरूप नियमित प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सहायक राजस्व निरीक्षक मुकेश शुक्ला के बिना सूचना लंबे समय से कर्तव्य से अनुपस्थित रहने की जानकारी मिलने पर निगमायुक्त ने संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश राजस्व अधिकारी को प्रदान किए। वहीं जलकर वसूली की समीक्षा करते हुए सहायक राजस्व अधिकारी श्री सागर नायक को वसूली बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। निगमायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र की संपत्तियों के असेसमेंट कार्य की समीक्षा करते हुए ऐसे प्रकरणों को चिन्हित करने के निर्देश दिए, जिनमें कर निर्धारण और संपत्ति विवरण में विसंगतियों की संभावना हो। उन्होंने कहा कि स्थल निरीक्षण के माध्यम से संपत्ति की उपयोगिता और वास्तविक क्षेत्रफल का सत्यापन कर आवश्यक संशोधन की कार्रवाई की जाए और जुलाई माह तक इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। बैठक के दौरान विगत वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मचारियों में मुकेश राजपूत, विनोद सिंह चौहान, श्री बाबूलाल रजक, सनीश रजक, सुधीर खरे, प्रमोद खरे, शरद मिश्रा, शशिकांत नायक और सुशील तिवारी शामिल रहे। निगमायुक्त ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई देते हुए अन्य कर्मचारियों से भी लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाकर राजस्व वसूली में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण में वृद्धि नगर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार का आधार है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।







